आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 30.09.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों से आम आदमी को सीधा लाभ प्रदान करने पर बल दिया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य अपर सचिव आराधना पटनायक ने टिहरी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवप्रयाग में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया।
- प्रदेश में स्वच्छता पखवाड़े के तहत वृहद स्तर पर सफाई अभियान जारी। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है।
- त्योहारी सीजन में सुरक्षा और कानून–व्यवस्था के दृष्टिगत पौड़ी जिले के कोटद्वार क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

**<u>प्रधानमंत्री / जीएसटी</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकारों ने देश में सुशासन का एक नया मॉडल पेश किया है। श्री मोदी ने भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से नए वस्तु और सेवा कर सुधारों का लाभ आम नागरिकों तक पहुँचाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने दिल्ली में दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर नवनिर्मित दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा विपक्ष में है, वहाँ जीएसटी में कटौती का लाभ जनता तक पहुँचाने के लिए सरकार को जवाबदेह बनाना चाहिए।

श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने देश और देशवासियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

**<u>केंद्रीय अपर सचिव</u>**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक आराधना पटनायक ने टिहरी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवप्रयाग का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया और स्वस्थ नारी– सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी राष्ट्रीय जन उपयोगी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। केंद्रीय अपर सचिव सामुदायिक केंद्र में आशा कार्यकत्रियों को भी निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य शिविरों से जोड़ें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें।

**<u>स्वस्थ नारी–स□ाक्त परिवार</u>**

"स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार" अभियान के तहत पोषण माह का आयोजन 17 सितंबर से पूरे देश में किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना, संतुलित आहार की आदत विकसित करना और शिक्षा के साथ स्वास्थ्य को जोड़ना है। प्रदेशभर में भी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में प्रदेश के अनेक आंगनवाड़ी केंद्रों पर अभिभावक बैठकों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में पंजीकृत बच्चों के अभिभावकों को स्कूल पूर्व शिक्षा की आवश्यकता और पोषणयुक्त आहार के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों की थाली में अनाज, दालें, हरी सब्ज़ियाँ, दूध और फल जैसे तत्व शामिल करने से कुपोषण की समस्या को दूर किया जा सकता है और उनका शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर ढंग से संभव होता है। इसके अतिरिक्त 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए कहानी सुनाना, कविता पाठ और समूह गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन रचनात्मक कार्यक्रमों ने, न केवल बच्चों को आनंदित किया, बल्कि उनके भीतर सीखने की रुचि और आत्मविश्वास भी बढ़ाया। वार्ड सदस्यों, समाजसेवियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से आयोजन को व्यापक सफलता मिली।

## कैंसर स्क्रीनिंग

वहीं, स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत रुद्रप्रयाग जिले में अब तक सात हजार, 663 लोगों की कैंसर की स्क्रीनिंग करने सहित 21 हजार पांच सौ से ज्यादा लोगों की विभिन्न निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि जिले में 17 सितंबर से चल रहे अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय व श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में अब तक 21 हजार पांच सौ से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई।

अभियान के अंतिम दिन दो अक्टूबर को जिला चिकित्सालय कोटेश्वर में विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## स्वच्छता पखवाड़ा अल्मोड़ा

प्रदेशभर में 17 सितंबर से आगामी दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अल्मोड़ा जिले की पर्यटन नगरी रानीखेत में छावनी परिषद की ओर से "स्वच्छता सेवा पखवाड़ा" के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत चौबटिया को डस्टबीन फ्री जोन बना दिया गया है। परिषद के कर्मचारियों द्वारा घर–घर जाकर कूड़ा एकत्र किया जा रहा है। छावनी परिषद के सीईओ कुनाल रोहिला ने कहा कि चौबटिया को गार्बेज फ्री जोन घोषित किया गया है और क्षेत्र के सभी डस्टबिन हटा लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रानीखेत में भी डस्टबिन की संख्या कम कर दी गई है और शाम के समय भी कूड़े का वाहन बाजार में कूड़ा उठाने का काम कर रहा है।

## स्वच्छता गोश्ठी देहरादून

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत देहरादून स्थित भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान में वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एम. मधु ने बताया कि गोष्ठी में धार्मिक रूप से स्वच्छता को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

## स्वच्छता अभियान

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के कंडोली चिड़ौवाली पार्क में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने सीधे तौर पर जनता के जीवन को प्रभावित किया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा, प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने और सेवा की भावना को जन–जन में जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## फ्लैग मार्च

त्योहारी सीजन में सुरक्षा और कानून–व्यवस्था के दृष्टिगत पौड़ी जिले के कोटद्वार क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। दशहरा, दीपावली और अन्य पर्वों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोटद्वार बाजार, बस अड्डा, झंडा चौक सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में पुलिस के पैदल और वाहन सवार दस्तों ने हिस्सा लिया। पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को त्योहारी सीजन में शांति और भाईचारे का वातावरण बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी अराजकता या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जानी चाहिए।

**भाहीद सम्मान यात्रा**

उत्तरकाशी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के तत्वाधान में आज शहीद सम्मान यात्रा के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र ने जिला मुख्यालय से 20 एनसीसी कैडेट्स और अन्य पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में यात्रा का फ्लैग ऑफ किया। शहीद सम्मान यात्रा में नौगांव विकासखंड में ग्राम बगासू के पाइनियर शहीद रायचन्द असवाल और चिन्यालीसौड़ विकासखण्ड के ग्राम कुमराड़ा के राईफल मैन शहीद शैलेन्द्र सिहं कठैत, सेना मेडल के घर आंगन की मिटटी एकत्र की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कियह मिट्टी केवल मिट्टी नहीं है, बल्कि हमारे शौर्य और राष्ट्रप्रेम की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रशासन शहीदों के परिजनों के सम्मान और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।